UPRB010009602026

**न्यायालय जनपद न्यायाधीश, रायबरेली।**

**पीठासीन अधिकारीः–अमित पाल सिंह, एच०जे०एस०(यू०पी०–05691)**
**व्यवहार प्रकीर्ण (असम्बद्ध) वाद संख्या–15/2026**

**प्रियदर्शिनी प्रभा पब्लिक स्कूल द्वारा संचालित, प्रियदर्शिनी प्रभा फाउन्डेशन अजीतपुर, पोस्ट अजीतपुर, परगना खीरो, तहसील लालगंज, जिला रायबरेली। द्वारा प्रबन्धक श्रीमती रेखा सिंह पत्नी श्री त्रिवेणी सिंह आयु 51 साल निवासिनी ग्राम पुरवारा बिकई परगना सलोन, तहसील ऊँचाहार, जिला रायबरेली।**

**-----प्रार्थिनी/प्रबन्धक**

**बनाम**

**उ०प्र०राज्य द्वारा जिलाधिकारी महोदय, रायबरेली।**

**------विपक्षी**

**निर्णय**

01– प्रार्थिनी/प्रबन्धक प्रियदर्शिनी प्रभा पब्लिक स्कूल द्वारा संचालित, प्रियदर्शिनी प्रभा फाउन्डेशन अजीतपुर, पोस्ट अजीतपुर, परगना खीरो, तहसील लालगंज, जिला रायबरेली, की ओर से प्रार्थनापत्र अन्तर्गत धारा–5 क(1) सोसाइटी रजिस्ट्रेशन एक्ट, 2021 वास्ते बंधक परिसीमन इस आशय का प्रस्तुत किया गया है।

02– उपरोक्त प्रार्थनापत्र में उल्लिखित तथ्य संक्षेप में इस प्रकार हैं कि प्रार्थिनी प्रियदर्शिनी प्रभा फाउन्डेशन अजीतपुर, जिला रायबरेली, की प्रबन्धक है। शिक्षा समिति एक प्राइवेट संस्थान है जो प्रियदर्शिनी प्रभा पब्लिक स्कूल अजीतपुर, जिला रायबरेली, के नाम से छात्र/छात्राओ का शिक्षण का कार्य करती है। रेखा सिंह पत्नी त्रिवेणी सिंह उक्त संस्था की प्रबन्धक हैं, जिसके सम्बन्ध में प्रमाणपत्र संलग्न प्रार्थनापत्र है। प्रियदर्शिनी प्रभा पब्लिक स्कूल अजीतपुर जिला रायबरेली द्वारा प्रबन्धक श्रीमती रेखा सिंह के नाम से भूमि संख्या–21 रकबा 1.3060 में से रकबा 0.450 हेक्टेअर दिनाँक 12–10–2009 को हिबानामा तथा भूमि संख्या– 21 रकबा 1.3060 हेक्टेअर में से रकबा 0.1450 हेक्टेअर दिनाँक 07–11–2024 को क्रय किया गया, इस प्रकार कुल क्रय रकबा 0.5950 हेक्टेअर है। संस्था अध्यनरत छात्र/छात्राओं के भविष्य को ध्यान में रखते हुये अपनी उपरोक्त वर्णित सम्पत्ति को बंधक रखकर ऋण प्राप्त करना चाहती है। संस्था में अध्यनरत छात्र–छात्राओं के लिये फर्नीचर, लाइब्रेरी, तथा बैठने के लिये कमरों की अविलम्ब आवश्यकता है, जिसकी पूर्ति हेतु संस्था की सम्पत्ति को बंधक रखकर ऋण प्राप्त करने की प्रक्रिया पूरी होनी

तथा प्रार्थिनी को संस्था की सम्पत्ति को संस्था के हित में ए०यू०स्माल फाइनेन्स बैंक लि०शाखा कार्यालय प्रथम पलारे गांधी चौक बिसाइड होटल हरिप्रताप पैलेस लालगंज, जिला रायबरेली, में बन्धक रखकर लोन स्वीकृत करने की स्वीकृत प्राप्त किया जाना न्यायहित में आवश्यक है। वैधानिकरूप से सोसाइटी रजिट्रेशन एक्ट, 1860 के प्राविधानों के अन्तर्गत रजिस्टर्ड संस्था की अचल सम्पत्ति को संस्था के हित में बन्धक करने के लिये सोसाइटी रजिस्ट्रेशन एक्ट, 2021 की संशोधित धारा–5क(1) के अन्तर्गत न्यायालय की अनुमति आवश्यक है। संस्था की –अचल सम्पत्ति को बैंक में बन्धक रखकर ऋण प्राप्त करने में संस्था के किसी सदस्य को कोई आपत्ति नही है। अतः न्यायहित में प्रियदर्शिनी प्रभा पब्लिक स्कूल द्वारा संचालित प्रभा फाउन्डेशन अजीतपुर, रायबरेली, द्वारा प्रबन्धक श्रीमती रेखा सिंह को भूमि संख्या–21 रकबा 1.3060 में से रकबा 0.5950 हेक्टेअर स्थित ग्राम जमकोरियापुर, परगना खीरो, तहसील लालगंज, जिला रायबरेली, को संस्था के हित के लिये ऋण प्राप्त करने के उद्देश्य से ए०यू०स्माल फाइनेन्स बैंक लि० प्रथम फ्लोर गांधी चौक बिसाइड होटल हरिप्रताप पैलेस लालगंज, रायबरेली, में बंधक रखे जाने की अनुमति प्रदान की जाये।

03– प्रार्थनापत्र के साथ प्रार्थिनी द्वारा सूची 5ग1 से 1–संस्था के नवीनीकरण के प्रमाणपत्र की छायाप्रति, 2–संस्था के सदस्यों की सूची की छायाप्रति, 3–प्रस्ताव की (बंधक रखना चाहते हैं की) छायाप्रति, 4–बैंनामा दिनाँकित 12–10–2009 की छायाप्रति, 5–बैनामा दिनाँकित 07–11–2024 की छायाप्रति, 6–इन्तखाब खतौनी ग्राम जमकोरियापुर, परगना खीरो, तहसील लालगंज बाबत गाटा संख्या–21 की छायाप्रति, 7–आधार कार्ड प्रबन्धक श्रीमती रेखा सिंह की छायाप्रति दाखिल की गयी है तथा सूची 17ग1 से संस्था प्रियदर्शिनी प्रभा प्रबन्धक पब्लिक स्कूल अजीतपुर की नियमावली की छायाप्रति, संस्था की ओर से कराये जाने वाले कार्य के स्टीमेट की छायाप्रति दाखिल की गयी है।

04– बावजूद तामीला विपक्षी की ओर से कोई आपत्ति प्रस्तुत नही की गयी।

05– प्रार्थिनी के विद्वान अधिवक्ता के तर्कों को सुना तथा सम्बन्धित प्रपत्रों का सम्यक् परिशीलन किया।

06– प्रार्थिनी के विद्वान अधिवक्ता ने यह तर्क प्रस्तुत किया है कि प्रार्थिनी द्वारा अभिकथित तथ्यों व प्रस्तुत अभिलेखों से यह तथ्य पूर्णतया साबित है कि प्रियदर्शिनी प्रभा फाउन्डेशन अजीतपुर, जिला रायबरेली की प्रबन्धक श्रीमती रेखा सिंह है, जो प्रियदर्शिनी प्रभा पब्लिक स्कूल अजीतपुर, जिला रायबरेली के नाम से छात्र छात्राओं के शिक्षण का कार्य करती हैं और प्रियदर्शिनी प्रभा पब्लिक स्कूल अजीतपुर, जिला रायबरेली द्वारा प्रबन्धक रेखा सिंह के नाम से भूमि संख्या–21 रकबा 1.3060 हे० में से रकबा 0.450 हेक्टेअर दिनाँक 12–10–2009 को

हिबानामा तथा भूमि संख्या–21 रकबा 1.3060 हेक्टेअर मे से रकबा 0.1450 हेक्टेअर दिनाँक 07–11–2024 को क्रय किया गया, जिसका कुल रकबा 0.5950 हेक्टेअर है। स्कूल में अध्ययनरत छात्र छात्राओं के लिये फर्नीचर, लाइब्रेरी, तथा बैठने के लिये कमरों की अविलम्ब आवश्यकता है और उक्त हेतु धन की आवश्यकता होगी और ऋण लेने के लिये उक्त भूमि को बन्धक रखना होगा और इस सम्बन्ध में ए०यू०स्माल फाइनेन्स बैंक लिमि० शाखा कार्यालय प्रथम फ्लोर गांधी चौक बिसाइड होटल हरिप्रताप पैलेस लालगंज, जिला रायबरेली में बन्धक रखकर लोन स्वीकृत कराना है, जिसके लिये धारा–5 सोसाइटी रजिस्ट्रेशन एक्ट के अन्तर्गत संस्था की भूमि को बन्धक बनाकर ऋण प्राप्त करने हेतु न्यायालय की अनुमति की आवश्यकता है।

07– उपरोक्त के आधार पर, प्रार्थिनी के विद्वान अधिवक्ता ने यह तर्क प्रस्तुत किया है कि उपरोक्त तथ्यों के दृष्टिगत प्रियदर्शिनी प्रभा फाउन्डेशन अजीतपुर, जिला रायबरेली, द्वारा प्रबन्धक रेखा सिंह की ओर से बतौर प्रबन्धक दिनाँक 07–11–2024 को क्रय की गयी उपरोक्त भूमि ए०यू०स्माल फाइनेन्स बैंक लिमि० शाखा कार्यालय प्रथम फ्लोर गांधी चौक बिसाइड होटल हरिप्रताप पैलेस लालगंज, जिला रायबरेली में बन्धक रखने की अनुमति प्रदान किये जाने हेतु योजित प्रार्थनापत्र 3 क अन्तर्गत धारा–5 क(1) सोसाइटी रजिस्ट्रेशन एक्ट, 2023 स्वीकार किये जाने योग्य है।

08– प्रार्थिनी की ओर से अभिकथित तथ्यों, प्रस्तुत अभिलेख कागज संख्या–6 ग फोटो प्रति सोसाइटी के नवीनीकरण के प्रमाणपत्र के अनुसार प्रियदर्शिनी प्रभा फाउन्डेशन अजीतपुर, जिला रायबरेली का रजिस्ट्रेशन प्रमाणपत्र 03–10–2024 से पांच वर्ष की अवधि के लिये नवीनीकृत किया जा चुका है और कागज संख्या–7 ग के अनुसार श्रीमती रेखा सिंह उक्त की प्रबन्धक है तथा दिनाँक 25–01–2026 को सभी सदस्यों की बैठक में बैंक से ऋण लिये जाने हेतु प्रबन्धक रेखा सिंह को निर्देशित किया गया है तथा कागज संख्या–9 ग/11 व 10 ग/1 लगायत 10 ग/12 दिनाँक 07–11–2024 को संस्था द्वारा प्रबन्धक श्रीमती रेखा सिंह के माध्यम से उपरोक्त कृषि भूमि क्रय किये जाने की पुष्टि होती है तथा नकल खतौनी कागज संख्या–11 ग/1 लगायत 11 ग/5 से गाटा संख्या–21(1445790021000012) क्षेत्रफल 4)0.4353, 5)0.1450, 6.2100.0001 प्रबन्धक श्रीमती रेखा सिंह पत्नी त्रिवेणी सिंह पुरवारा विकई, परगना सलोन, तहसील ऊँचाहार, जिला रायबरेली के नाम दर्ज होने की पुष्टि होती है। इसके अतिरिक्त कागज संख्या–17 ग 1/2 लगायत 17 ग/13 से छायाप्रतियों में 17 ग/2 लगायत 17 ग/4 प्रियदर्शिनी प्रभा फाउन्डेशन अजीतपुर, जिला रायबरेली, की नियमावली की छायाप्रतियां हैं तथा कागज संख्या–17 ग/5 लगायत 17 ग/13 प्रस्तावित भवन निर्माण के स्टीमेट की पुष्टि होती है।

08– अतः उपरोक्त समस्त तथ्यों एवं परिस्थितियों के दृष्टिगत श्रीमती रेखा सिंह,

प्रबन्धक प्रियदर्शिनी प्रभा पब्लिक स्कूल द्वारा संचालित, प्रियदर्शिनी प्रभा फाउन्डेशन अजीतपुर, पोस्ट अजीतपुर, परगना खीरो, तहसील लालगंज, जिला रायबरेली, की ओर से योजित प्रार्थनापत्र 3क अन्तर्गत धारा–5क(1) सोसाइटी रजिस्ट्रेशन एक्ट, 2021, भूमि गाटा संख्या–21 रकबा 1.3060 हेक्टेअर में से रकबा 0.595 हेक्टेअर स्थित ग्राम जमकोरियापुर, परगना खीरो, तहसील लालगंज, जिला रायबरेली, को ए०यू०स्माल फाइनेन्स बैंक लिमि० शाखा कार्यालय प्रथम फ्लोर गांधी चौक बिसाइड होटल हरिप्रताप पैलेस लालगंज, जिला रायबरेली में संस्था के हित में ऋण लेने हेतु बन्धक रखने की अनुमति प्रदान किया जाना न्यायोचित पाया जाता है। तद्नुसार, प्रार्थनापत्र स्वीकार किये जाने योग्य है।

**आदेश**

प्रार्थिनी श्रीमती रेखा सिंह, प्रबन्धक प्रियदर्शिनी प्रभा पब्लिक स्कूल द्वारा संचालित, प्रियदर्शिनी प्रभा फाउन्डेशन अजीतपुर, पोस्ट अजीतपुर, परगना खीरो, तहसील लालगंज, जिला रायबरेली, की ओर से योजित प्रार्थनापत्र 3क अन्तर्गत धारा–5क(1) सोसाइटी रजिस्ट्रेशन एक्ट, 2021 गाटा संख्या–21 रकबा 1.3060 हेक्टेअर में से रकबा 0.595 हेक्टेअर स्थित ग्राम जमकोरियापुर, परगना खीरो, तहसील लालगंज, जिला रायबरेली, को संस्था के हित में ऋण प्राप्त करने के लिये ए०यू०स्माल फाइनेन्स बैंक लिमि० शाखा कार्यालय प्रथम फ्लोर गांधी चौक बिसाइड होटल हरिप्रताप पैलेस लालगंज, जिला रायबरेली में बन्धक रखने की अनुमति प्रदान किये जाने की बाबत स्वीकार किया जाता है।

**(अमित पाल सिंह)**
**यू०पी०–5691**
**जनपद न्यायाधीश, रायबरेली।**
**18–04–2026**

निर्णय एवं आदेश आज खुले न्यायालय में हस्ताक्षरित एवं दिनाँकित कर सुनाया गया।

**(अमित पाल सिंह)**
**यू०पी०–5691**
**जनपद न्यायाधीश, रायबरेली।**
**18–04–2026**

Sarita

Digitally signed by AMIT PAL SINGH
Date: 2026.04.20 14:34:03 IST
Reason: Judgment
Location: District and Sessions Court Raebareli